IREDA को 'उत्कृष्ट' रेटिंग

स्रोत: पी.आई.बी.

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड (नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के तहत एक PSU) को वित्त वर्ष 2023-24 में विद्युत तथा NBFC क्षेत्रों में इसके असाधारण प्रदर्शन के लिये लोक उद्यम विभाग (DPE) द्वारा 'उत्कृष्ट' रेटिंग दी गई है।

- वित्त वर्ष 2023-24 के लिये अपने वार्षिक प्रदर्शन के आधार पर IREDA को **लगातार चौथे वर्ष** 'उत्कृष्ट' रेटिंग प्राप्त हुई।
- इस मान्यता से **हरित वित्तपोषण में IREDA के नेतृत्व** पर प्रकाश पड़ता है तथा **धारणीय ऊर्जा समाधानों** को बढ़ावा देकर राष्ट्र निर्माण के प्रति इसकी प्रतिबद्धता की पुष्टि होती है।

IREDA:

- यह नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के अंतर्गत **सार्वजनिक क्षेत्र की एक नवरत्न कंपनी** है, जिसकी स्थापना **वर्ष 1987** में एक गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थान के रूप में की गई थी।
- यह **हरित वित्तपोषण के क्षेत्र में भारत की सबसे बड़ी NBFC** है, जो **नवीकरणीय ऊर्जा और ऊर्जा दक्षता परियोजनाओं** को बढ़ावा देने, विकसित करने तथा वित्तपोषित करने के लिये समर्पित है। इसके साथ ही यह बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों से ऋण को प्रोत्साहित करके इस क्षेत्र को समर्थन देने पर केंद्रित है।

DPE रेटिंग:

- **वित्त मंत्रालय** के अधीन DPE द्वारा CPSE के प्रदर्शन, स्वायत्तता और वित्त पर नीतियाँ तैयार करने के साथ लोक उद्यम सर्वेक्षण प्रकाशित किया जाता है।
- DPE रेटिंग्स द्वारा वार्षिक रूप से **लाभप्रदता एवं दक्षता** जैसे समझौता ज्ञापन लक्ष्यों के आधार पर **CPSE का मूल्यांकन** किया जाता है तथा जवाबदेही एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के क्रम में उन्हें **खराब प्रदर्शन से लेकर उत्कृष्ट** तक का दर्जा दिया जाता है।

भारत की नवीकरणीय ऊर्जा पहल:

- PM-KUSUM योजना
- सोलर मॉड्यूल हेतु PLI योजना
- अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन

और पढ़ें: भारत में नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का दोहन

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ireda-bags-excellent-ratings